<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रयागराज महाकुंभ के संगम घाट पर कल हुयी दुखद घटना में तीस लोगों की मौत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया गहरा दुख। कहा– घटना मर्माहत करने वाली।
- प्रयागराज महाकुंभ की घटना पर मुख्यमंत्री ने दिये न्यायिक जांच के आदेश। घटना में जांच गंवाने वाले मृतकों के परिवार को पच्चीस–पच्चीस लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा।
- मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में सात करोड़ चौंसठ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान। अयोध्या, वाराणसी सहित प्रदेश भर के अन्य तीर्थ स्थलों पर भी रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़।
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने दी नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी। गन्ना फीड स्टॉक से इथेनॉल खरीद की कीमत पर भी लगी मंत्रिमण्डल की मुहर।
- पूरा देश आज शहीद दिवस के रूप में मना रहा है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि।

**********

प्रयागराज में महाकुंभ के संगम घाट पर कल तडके हुई दुखद घटना में तीस लोगों की मृत्यु हो गई और साठ अन्य घायल हो गए। कल शाम एक संवाददाता सम्मेलन में कुंभ मेला क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि यह घटना रात एक से दो बजे के बीच हुई जब अखाड़ा–मार्ग पर भारी भीड़ जमा होने से बैरिकेड्स टूट गए। उन्होंने बताया कि घटना के बाद प्रशासन ने तुरंत बचाव अभियान चलाया।

***मेले क्षेत्र में अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ का दबाव बना और इस भीड़ के दबाव के कारण दूसरी ओर के बैरिकेट्स टूट गए और भीड़ के लोग बैरिकेट्स बांधकर दूसरी तरफ ब्रह्म मुहूर्त के स्नान का इंतजार कर रहे हैं श्रद्धालुओं को कुचलना शुरू कर दिया। यद्यपि प्रशासन ने तत्काल राहत और बचाव कार्य करते हुए ग्रीन कॉरिडोर बनाया और एंबुलेंस के माध्यम से लगभग 90 घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि यह घटना मर्माहत करने वाला है।

***उन सभी परिजनों के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। हम लोग रात्रि से ही लगातार प्रशासन के सम्पर्क में हैं। मेला प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भी अन्य जितने भी व्यवस्थाएं हो सकती थीं उन सबको वहां पर तैनात किया गया है। परिणाम उसी का है कि हादसे के कुछ ही देर के बाद राहत कार्य को ग्रीन कोरिडोर बना कर प्रशासन ने पुलिस ने एनडीआरएफ एसडीआरएफ के स्वयंसेवकों ने सभी लोगों को हॉस्पिटल तक पहुंचाने का काम किया है। लेकिन दुर्भाग्य से इस दौरान यह मौतें हुई हैं।***

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत देश के सभी प्रमुख नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने घटना पर गहरा शोक प्रकट किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के महाकुंभ में संगम घाट पर हुई दुखद घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिये पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग में पूर्व डीजीपी वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डीके सिंह को शामिल किया गया है। कल शाम मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग पूरे मामले की जांच करेगा और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगा। उन्होंने घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की।

***परिवारजनों को प्रदेश सरकार की तरफ से पच्चीस पच्चीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा भी कर रहे हैं और न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को तय करके एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा।***

संगम घाट पर कल तड़के हुई घटना के बाद महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक आज प्रयागराज का दौरा करेंगे।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर रात शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में प्रयागराज, कौशाम्बी, वाराणसी, अयोध्या, मिर्जापुर, बस्ती, जौनपुर, चित्रकूट, बांदा, अम्बेडकरनगर, प्रतापगढ़, संतकबीरनगर, भदोही, रायबरेली और गोरखपुर जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि महाकुंभ मेला क्षेत्र हो या प्रयागराज से बाहर के मार्ग, कहीं भी यातायात रूकना नहीं चाहिए। एक–एक श्रद्धालु को उनके गंतव्य तक पहुंचाना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की ओर आने वाले सभी मार्गों पर पेट्रोलिंग बढ़ाने और होल्डिंग एरिया में भोजन तथा पेयजल का पर्याप्त प्रबंध करने के भी निर्देश दिये।

**********

महाकुंभ नगर में भीड़ के बढ़ते दबाव के मद्देनज़र प्रशासन ने प्रयागराज के आसपास के ज़िलों में होल्डिंग एरिया बनाए हैं। जौनपुर में मुंगराबादशाहपुर के सतहरिया क्षेत्र में होल्डिंग एरिया बनाकर श्रद्धालुओं को विशेष सुविधायें दी जा रही हैं। इस बीच, रायबरेली में आईजी ने और मिर्जापुर में जिलाधिकारी ने होल्डिंग एरिया का कल निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए कौशाम्बी, चन्दौली, फतेहपुर और महोबा जिलों में परिवहन सेवाओं पर विशेष नजर रखी जा रही है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर कल बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगायी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर रात सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिये बताया कि मौनी अमावस्या के शुभ पर्व पर सात करोड़ चौंसठ लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। इसके साथ ही महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या सत्ताइस करोड़ अट्ठावन लाख से अधिक हो चुकी है। मौनी अमावस्या स्नान पर एक रिपोर्ट–

***मौनी अमावस्या पर सूर्योदय से पहले से ही संगम के घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगा था। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सभी अखाड़ों के साधु संतों ने सुबह अमृत स्नान करने के बजाय दोपहर बाद विधिवत स्नान सम्पन्न किया । अमृत स्नान के मौके पर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ में पहुंचे श्रद्धालुओं को सम्मानित करने के लिए दिन में कई बार हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी कराई। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

प्रयागराज महाकुंभ के अलावा मौनी अमावस्या के अवसर पर कल वाराणसी, अयोध्या, मिर्जापुर, हापुड़, अमरोहा, बदायूं, चन्दौली, कुशीनगर और गोरखपुर समेत कई अन्य जिलों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान किया। सभी तीर्थस्थलों और नदियों के तट पर स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सोलह हजार तीन सौ करोड़ रुपये के व्यय और सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा अट्ठारह हजार करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन–एनसीएमएम के शुभारंभ को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही केन्द्रीय कैबिनेट ने गन्ना फीड स्टॉक से इथेनॉल खरीद की कीमत को भी मंजूरी दी है। गन्ना फीड स्टॉक में सी–हैवी गुड़, बी–हैवी गुड़ और गन्ने का रस, चीनी और चीनी सिरप शामिल हैं। कैबिनेट ने सी–हैवी गुड़ के लिए सत्तावन रुपये सत्तानबे पैसे प्रति लीटर, बी–हैवीगुड़ के लिए साठ रुपये तिहत्तर पैसे प्रति लीटर और गन्ने के रस, चीनी और चीनी सिरप के लिए पैंसठ रुपये इकसठ पैसे प्रति लीटर की कीमत को मंजूरी दी है। केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि इथेनॉल मिश्रण ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद की है। मंत्रिमंडल के इस फैसले पर किसानों ने खुशी जताई है।

**********

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है। कृतज्ञ राष्ट्र इसे शहीद दिवस के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिये प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज से तेरह फरवरी तक के लिये स्पर्श, कुष्ठ जागरूकता अभियान का भी शुभारम्भ होगा।

**********